दैनिक भास्कर
नवरात्र प्रारम्भ
dainikbhaskar.com
जयपुर, गुरुवार 3 अक्टूबर, 2024
मूल्य ₹ 4.50
आज 40 पेज
12 राज्य | 61 संस्करण
शेखावाटी भास्कर
नवरात्र आज से

पिलानी. कार्यक्रम में शपथ दिलाते अधिकारी।

खेतड़ीनगर. गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते।

आयोजन • वैज्ञानिकों एवं कार्मिकों ने गौरव पथ पर स्वैच्छिक श्रमदान किया

सीएसआईआर-सीरी में मनाया स्वच्छ भारत दिवस

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

सीएसआईआर-सीरी में बुधवार को महात्मा गांधी व देश के दूसरे प्रधानमंत्री पं. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा 4 वर्ष पूर्व शुरू किए गए विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 का समापन भी किया गया।

संस्थान निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने सहकर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। डॉ. पंचारिया के नेतृत्व में सहकर्मियों ने संस्थान परिसर के नेहरू उद्यान तथा सीरी एवं बिट्स पिलानी परिसरों के बीच स्थित गौरव पथ पर स्वैच्छिक श्रमदान किया। विद्याविहार नगरपालिका क्षेत्र की दो बड़ी नालियों की सफाई की।

संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी रमेश बौरा ने बताया कि स्वैच्छिक श्रमदान अभियान में वैज्ञानिकों एवं कार्मिकों के साथ उनके परिजनों ने भी सहयोग व योगदान दिया। अंत में पीएमई प्रमुख प्रमोद तंवर, प्रधान वैज्ञानिक ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बागवानी अनुभाग के प्रभारी डॉ. आरके सिंह और संस्थान के स्वच्छता प्रहरी किशनलाल व उनकी टीम के कार्य की सराहना की।

केसीसी प्रोजेक्ट के सौजन्य से किया श्रमदान व पौधरोपण

खेतड़ीनगर | केसीसी प्रोजेक्ट के सौजन्य से बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। केसीसी कार्यपालक निदेशक जीडी गुप्ता ने महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। केसीसी प्रशासन भवन परिसर में एक घंटे तक श्रमदान किया साथ ही खेतड़ी खदान के पंप हाऊस परिसर के सामने पौधरोपण किया। मयुख चटर्जी व विपिन शर्मा ने महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला। एस गुहा, सजू सी सेम, मयुख चटर्जी, एसएम अली, राहुल सिन्हा रॉय, वीके इंद्रा, केटीएसएस महामंत्री बिड़दूराम सैनी, केसीएमएस महामंत्री श्यामलाल सैनी, ऑफिसर्स एसोसिएशन अध्यक्ष सवाई सिंह सिराधना, डॉ. दीपिका खुराना, डॉ. गोपाल राठी, विपिन शर्मा, जगदीश सिंह सोढ़ा, नागेश राजपुरोहित, राजेश डाढेल, राजवीर, सुनील कटेवा, सुनिल कटारिया, भूपेश भंबोरिया, विनायक साहु, राजा आशीष, ऋचा भटनागर, इंद्र कुमार, पार्वती, मुन्नालाल जेदिया, घनश्याम दास, जगदीश जोशी, पार्वती, मनोज, कुलदीप सक्सेना, महेश कुमार आदि मौजूद थे।